# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 21.10.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

मुख्य समाचार :—

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'पुलिस स्मृति दिवस' पर शहीद जवानों को अर्पित की श्रद्धांजलि : कहा— पुलिस ने कानून व्यवस्था को दी है नई दिशा।
2. मुख्यमंत्री ने पंजाब के बाढ़ प्रभावित किसानों के लिए बीज सहायता के वाहनों को किया रवाना : कहा— देश की खाद्यान्न आत्मनिर्भरता में उत्तर प्रदेश निभा रहा है महत्वपूर्ण भूमिका।
3. दिल्ली—एनसीआर में दीवाली के बाद वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में दर्ज : प्रदूषण नियंत्रण के लिए पाबंदियां की गईं लागू।

और

4. प्रदेश भर में कल मनाया जायेगा गोवर्धन पूजा और अन्नकूट का पर्व : मथुरा सहित पूरे ब्रज क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए किये जा रहे हैं विशेष प्रबंध।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीद पुलिस जवानों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन उन महान पुलिस जवानों को नमन करने का है, जिन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा और जनसेवा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शहीद पुलिसर्मियों के परिवारों के उत्थान के लिए पूर्ण संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने कानून–व्यवस्था को नई दिशा दी है। आज प्रदेश में त्योहारों, धार्मिक यात्राओं और राजनीतिक कार्यक्रमों का शांतिपूर्ण आयोजन पुलिस की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। बाइट......

*वर्ष 2024–25 में कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राण निछावर करने वाले शहीदों में उत्तर प्रदेश पुलिस के तीन बहादुर पुलिस कर्मी भी शामिल हैं। इस अवसर पर मैं सभी शहीद पुलिस जनों को श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं। शहीद पुलिस जन के परिवार के सदस्यों को मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि हमारी सरकार उनके कल्याण और उनके सभी प्रकार की सुविधाओं के इसलिए पूरी संवेदनशीलता के साथ सभी जरूरी कदम उठाने के लिए हमेशा तत्पर रही है और आगे भी रहेगी।*

मुख्यमंत्री ने बताया कि साठ हजार 244 नवनियुक्त पुलिसकर्मियों को हाईब्रिड मॉडल पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

————————

पुलिस स्मृति दिवस पर वाराणसी, जौनपुर, बलिया, उन्नाव, कुशीनगर, फर्रूखाबाद, हापुड़, अमरोहा, बदायूं, मेरठ सहित विभिन्न जिलों में वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजन किये गये।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज कृषि विभाग एवं उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम द्वारा पंजाब के बाढ़ प्रभावित किसानों की बीज सहायता के लिए वाहनों को फ्लैग–ऑफ कर रवाना किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि भारी बारिश और बाढ़ से उत्पन्न विषम परिस्थिति में उत्तर प्रदेश सरकार, पंजाब के किसानों के साथ पूरी प्रतिबद्धता के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की खाद्यान्न आत्मनिर्भरता में उत्तर प्रदेश आज महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन भी कर रहा है। बीज निगम अपने प्रयासों से किसानों को समृद्ध बनाने में सहयोग कर रहा है। बाइट......

*अगर अन्नदाता किसान को अच्छी प्रजाति के बीज समय पर मिले तो एक सामान्य अन्नदाता किसान भी अपनी खेती में एवरेज से अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकता है और यह उत्तर प्रदेश के अंदर बीज और विकास निगम ने इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आगे बढ़ा करके उत्तर प्रदेश को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में सफलता प्राप्त की।*

———————

वहीं गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गोरखनाथ मंदिर के सरोवर पर एक दीया शहीदों के नाम

कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने रंगोली के ऊपर रखे दीए को जलाकर शहीदों को याद किया। इसके बाद लोगों ने भी दीपोत्सव कार्यक्रम में दीये जलाए।

——————

दिल्ली एनसीआर में दिवाली के बाद वायु गुणवत्ता चिंताजनक स्तर पर पहुंच गई है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार आज सुबह नोएडा और गाजियाबाद शहरों की हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। हवा में सबसे ज्यादा खतरनाक प्रदूषण तत्व पीएम–दो दशमलव पांच बना हुआ है, जिसके कारण लोगों को स्वास्थ्य संबंधी गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। एक रिपोर्ट...

*दिवाली की रात आतिशबाजी और मौसमी परिस्थितियों के कारण नोएडा में वायु गुणवत्ता गंभीर स्तर पर पहुंच गई, कई क्षेत्रों में एक्यूआई 372 से ऊपर दर्ज किया गया। स्थिति इतनी खराब रही कि नोएडा के सभी चार मॉनिटरिंग स्टेशनों पर हवा की गुणवत्ता चिंताजनक स्तर पर दर्ज की गई। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने एक दिन पहले ही दिल्ली–एनसीआर में ग्रैप के दूसरे चरण की प्रतिबंधात्मक कार्रवाइयों को लागू कर दिया है। पाबंदियों का दायरा लगातार बढ़ाया जा रहा है। बुधवार की सुबह के लिए भी हल्के से मध्यम कोहरे या स्मॉग की चेतावनी जारी की गई है। विशालधर दूबे आकाशवाणी समाचार गौतमबुद्धनगर।*

——————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव समाज के हर वर्ग को लाभ पहुंच रहा है। आज हम देश के ऑटो मोबाइल क्षेत्र को मजबूत बनाने में जीएसटी सुधारों के प्रभाव पर चर्चा कर रहे हैं।

*नए जीएसटी सुधारों के तहत सरकार ने ऑटोमोबाइल क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण कर राहत की घोषणा की है। नए कर ढांचे के तहत 1800 सीसी से कम इंजन क्षमता वाले ट्रैक्टर पर 5 प्रतिशत और 1800 सीसी से अधिक इंजन क्षमता वाले ट्रैक्टर पर 18 प्रतिशत कर लग रहा है। बस, ट्रक और डिलीवरी वैन सहित वाणिज्यिक मालवाहक वाहनों पर लगने वाले वस्तु और सेवा कर को 18 प्रतिशत कर दिया गया है। साथ ही, बाइक और छोटी कारों पर कर की दर में 10 प्रतिशत की कमी की गई है। नई जीएसटी युक्तिकरण से लॉजिस्टिक्स लागत कम हो रही है और निर्यात में सुधार हो रहा है। रिशु के साथ दृष्टि पुनयानी, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

—————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

—————————

**दीपावली और छठ पूजा के मद्देनजर भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने बताया कि प्रत्येक जोन ने व्यापक व्यवस्थाएं की है। गोरखपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए 6 यात्री आश्रय स्थलों को स्थापित किया गया है। बाइट...**

*व्यापक व्यवस्थाएं की हैं ताकि सभी की यात्रा बहुत संरक्षित ढंग से हो, बहुत सुरक्षित ढंग से हो और बहुत सुगम हो। लोग आसानी से अपना अपना*

*अपनी यात्रा तय कर सकें। पांच होल्डिंग एरिया गोरखपुर स्टेशन में हमने बनाए हैं, जिसमें एक समय में हम 2,000 यात्रियों को यहां पर वेट करा सकते हैं ताकि उनको जब ट्रेन आए तभी हम ट्रेन की तरफ एक कतारबद्ध ढंग से ले जाएं और कतारबद्ध ढंग से ही उनको ट्रेन में बोर्डिंग कराएं ताकि कोई भी किसी को भी कोई असुविधा ना हो, कोई अप्रिय घटना ना हो।*

———————

**प्रदेश भर में कल गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव मनाया जायेगा। मथुरा सहित पूरे ब्रज क्षेत्र में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन और पुलिस द्वारा विशेष प्रबंध किये जा रहे हैं। एक रिपोर्ट....**

*गोवर्धन के प्रमुख मंदिर दानघाटी, मुकुट मुखारविंद और जतीपुरा मुखारविंद में दूध से अभिषेक किया जायेगा। श्रद्धालु गिरिराज महाराज के चरणों में अन्नकूट का भोग समर्पित कर सात कोसीय परिक्रमा करेंगे। गोवर्धन पूजा के दौरान पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता की जा रही है, भीड़–भाड़ वाले इलाकों में पैदल गश्त, संवेदनशील क्षेत्रों और घाटों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के साथ ड्रोन से निगरानी और यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान रहेगा। मोहम्मद कुरैशी आकाशवाणी समाचार मथुरा।*

———————

**दीपावली के बाद कल मनाया जाने वाले जमघट पर्व पर पतंगबाजी करने का रिवाज़ है। पतंगबाजी से कई बार विद्युत आपूर्ति बाधित होने की समस्या खड़ी हो जाती है, जिसको देखते हुए विद्युत विभाग ने गाइडलाइन जारी की है। एक रिपोर्ट...**

लखनऊ विद्युत वितरण प्रशासन–लेसा के अंतर्गत आने वाले विद्युत नगरी वितरण खंड नींबू पार्क के अधीक्षण अभियंता के. के. चौधरी ने बताया कि लोगों से तार और माझे वाली पतंग नहीं उड़ाने की अपील की गई है। उन्होंने हाईटेंशन लाइनों से दूर रहने को कहा है।

*अधीक्षण अभियंता बाइट...*

*पतंगों का मंजा वगैरा है, उससे तारों पर ना करें जिससे जो है विद्युत बाधित हो इसलिए उससे दूर रहे कृपया करके।*

*विद्युत विभाग द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन कर लोग बिना विद्युत आपूर्ति बाधित किये पतंगबाजी का मज़ा उठा सकते हैं। आकाशवाणी समाचार कक्ष से दीपाली सिंह।*

———————

मुरादाबाद और रामपुर में आज  भगवान महावीर का 2 हजार 551वां निर्वाण महोत्सव अत्यंत भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जैन मंदिरों में विशेष अभिषेक–पूजन किया गया और लाडू चढाये गये।

———————

अयोध्या में दीपावली के दूसरे दिन भी आज श्रद्धालुओं की भारी भीड़ हनुमानगढ़ी और श्रीराम जन्मभूमि में उमड़ रही है। लगभग तीन से चार लाख श्रद्धालुओं ने श्रीरामलला के दर्शन किये। अयोध्या में भक्तिभाव और उल्लास का अद्‌भुत संगम दिख रहा है। प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किये गये हैं।

———————